प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
09.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

लोकसभा– एलपीजी कनेक्शन

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत केन्द्र सरकार ने अब तक गरीब परिवारों की महिलाओं को दस करोड़ 51 लाख एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए हैं। उज्ज्वला योजना मई 2016 में देश भर की महिलाओं को बिना जमा राशि के एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने आज राज्यसभा में कहा कि सरकार 2025–26 के लिए प्रति सिलेंडर 3 सौ रुपये की सब्सिडी प्रदान कर रही है। इसमें 14 किलो 2 सौ ग्राम के सिलेंडरों की नौ बार रिफिलिंग की जा सकती है।आरोप भी लगाया।

सिकंदर

केन्द्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा है कि उड़ान योजना के तहत आर.सी.एस उड़ानों के परिचालन और हवाई अड्डों के विकास के लिए हिमाचल के 9 हैलीपैड की पहचान की गई है। आज संसद में राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार के सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि इनमें शिमला के संजौली, बद्दी, मनाली, मंडी, रामपुर, रिकांगपिओ, पालमपुर, रक्कड़ और चंबा शामिल हैं। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 6 हैलीपोर्ट शिमला, कुल्लू, रामपुर, मंडी, रिकांगपिओ और संजौली को जोड़ने वाले कुल 38 आर.सी.एस मार्ग संचालित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल में क्षेत्रीय हवाई अड्डों पर तकनीकी कर्मियों की जरूरत को पूरा करने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा समय समय पर पर्याप्त कदम उठाए जाते हैं।

जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने शिमला ज़िला के कोटगढ़ व कुमारसेन क्षेत्र के भूमि पट्टों के लंबित मामलों को एक माह के भीतर निपटाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। वे आज शिमला में कोटगढ़ व कुमारसेन क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान बोल रहे थे। जगत सिंह नेगी ने कहा कि भूमि प्रदान करने की विभिन्न योजनाओं के तहत इन क्षेत्रों में पट्टे जारी हुए 50 वर्ष बीत गए हैं लेकिन आज तक इंतकाल नहीं हुए हैं। राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को इसके लिए एक विशेष अभियान आरंभ करने के निर्देश भी दिए।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस समय अस्थिरता और भय के माहौल में काम कर रही है। आज शिमला में उन्होंने कहा कि भाजपा ने सैद्धांतिक निर्णय लेते हुए राज्यसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी नहीं उतारा जिससे कांग्रेस को स्वभाविक रूप से बड़ा अवसर मिला। जयराम ठाकुर ने कहा कि इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी के बीच जो संघर्ष और भ्रम की स्थिति देखने को मिली वो दुर्भाग्यपूर्ण है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्यसभा सीट के चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री ने अपने ही सहयोगियों और मित्रों को गुमराह किया है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि केन्द्र से भरपूर सहायता मिलने के बावजूद प्रदेश में विकास कार्य ठप हैं और संस्थान बंद किए जा रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झूठ बोलकर महिलाओं को गुमराह करने का

जांच–मांग

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सिरमौर ज़िला के शिलाई में गत दिनों सामने आए अवैध पेड़ कटान मामले में दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने आज नाहन में वन अरण्यपाल को एक मांग पत्र सौंपा। एबीवीपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनीष बिरसांटा ने कहा कि शिलाई क्षेत्र में 3 सौ से अधिक चीड़ के पेड़ों का एक ही दिन में अवैध

तरीके से कटान किया गया है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने वन विभाग के दोषी अधिकारियों की बर्खास्तगी की मांग की है।

मांग

चंबा ज़िला की अत्यंत दुर्गम पांगी घाटी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है जिससे लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पांगी उपमंडल में पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रेम सिंह मियां ने घाटी में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पेयजल, संचार व रोजगार जैसी सुविधाओं की बहाली को लेकर कल शिमला में मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा है कि घाटी में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में रोगियों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता और विभिन्न विभागों में लंबे समय से कई पद खाली पड़े हैं, जिससे विकास व जनसुविधाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रेम सिंह मियां ने कहा कि शिमला—किलाड़ बस सेवा बंद होने से पांगी घाटी के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से जनहित से जुड़ी सुविधाओं को तुरंत बहाल करने की मांग की है ताकि लोगों के जीवन में सुधार आ सके और उनका घाटी से पलायन भी रूक सके।